आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
मुख्य समाचार

दिनांक : 27.08.2026 समय : 18.30 पीएम

0000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध।

- प्रदेश में 309 नगर निकायों के चुनाव के लिए नामांकन प्रकिया शुरू–पहले दिन 900 से अधिक दावेदारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये।

- उत्तर भारत का प्रसिद्ध गोगामेडी मेला कल से शुरू होगा।

- प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मानसूनी गतिविधियां कल से एक सप्ताह तक धीमी पडने के आसार।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देशभर में खेल प्रतिभाओं को हर स्तर पर सहयोग मिले। इसके लिए समुचित खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आज वीसी के जरिये खेलो इंडिया संवाद को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि खेल केवल चैंपियन बनना ही नहीं सिखाता, बल्कि बेहतर प्रतियोगी बनना भी सिखाता है।

....

युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इस अवसर पर कहा कि देश का खेल तंत्र अब केवल बुनियादी ढांचे और पदकों तक सीमित नहीं है। **फिट इंडिया मूवमेंट** और **संडे ऑन साइकिल** पहल लोगों को फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

....

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के उपलक्ष्य में **मेरा युवा भारत–माय भारत** ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। देशभर में हुए इस कार्यक्रम में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हर जिले के दो–दो कॉलेजों के युवाओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के एक निजी कॉलेज से इस कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जुड़े। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति को देश की सबसे बड़ी पूंजी बताया।

प्रदेशभर में खेलो इंडिया संवाद के माध्यम से युवाओं को खेल संबंधी योजनाओं से सीधे जुड़ने और अपने विचार रखने का अवसर मिला। अजमेर में हुए कार्यक्रम में युवा खिलाडियों ने अपनी बात रखी।

....

0000

प्रदेश में 309 नगरीय निकायों के 10 हजार 245 वार्डो में चुनाव के लिए आज पहले दिन 900 से अधिक उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये। जयपुर नगर निगम के 150 वार्डो के लिए 10 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे। डीग नगर परिषद के 40 वार्डो के लिए आज पहले दिन 34 प्रत्याशियों ने वहीं धौलपुर के बाडी नगर पालिका के लिए 35 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। निकाय चुनावों के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रकिया शुरू हो गई। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार अगले महीने दो चरणों में होने वाले इन चुनावों के लिए नामांकन प्रकिया 31 अगस्त तक जारी रहेगी। रक्षाबंधन और रविवार का अवकाश होने के कारण नाम निर्देशन पत्र 29 और 31 अगस्त को ही प्रस्तुत किये जा सकेंगे। 1 सितम्बर को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं 3 सितम्बर तक नाम वापिस लिये जा सकेंगे। 4 सितम्बर को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह जारी किये जायेंगे। 9 और 11 सितम्बर को मतदान होगा। वहीं 14 सितम्बर को वोटो की गिनती की जायेगी। नगर निकाय चुनाव को लेकर निगम कार्यालयों में दावेदारों की गहमागहमी बढ़ गयी है। विभिन्न राजनेतिक दलों की सरगर्मियां भी तेज हो

गयी है। पार्षद पद के लिए स्थानीय सक्रियता, जीत की संभावना और कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा कई स्थानों पर तीसरे मोर्चो के प्रत्याशियों के कारण मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। भारत आदिवासी पार्टी–बाप, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी–आरएलपी, बहुजन समाज पार्टी– बीएसपी, आम आदमी पार्टी–आप और राष्ट्रीय लोकदल– आरएलडी की भी अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सक्रियता शुरू हो गई है।

0000

भारत अगले महीने होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में ये सम्मेलन 12 और 13 सितम्बर को आयोजित किया जायेगा। इसमें ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों के नेताओं के साथ आमंत्रित प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण विषय पर आधारित है। इस दौरान ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर विचार–विमर्श होगा। साथ ही वैश्विक और क्षेत्रीय मामलों पर भी दृष्टिकोण साझा किया जायेगा।

000000

साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक उत्तर भारत का प्रसिद्ध गोगामेडी मेला कल से हनुमानगढ़ में शुरू हो रहा है। लोकदेवता गोगाजी की स्मृति में लगने वाले इस वार्षिक मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड जुटती है। हमारी हनुमानगढ संवाददाता ने बताया कि मेले के लिये व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है।

....

0000

भाई बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन कल मनाया जायेगा। श्रावण महीने की पूर्णिमा के दिन ये पर्व मनाया जाता है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में रौनक देखी जा रही है। रंग बिरंगी राखियों के साथ ही पूजन सामग्री, मिठाई, श्रीफल और मेवो की खरीदारी की जा रही है। समय के साथ ही रक्षा सूत्र ने कई आकर्षक और नये रूप धारण किये है। फैन्सी राखियों के साथ ही सोने, चांदी और कई तरह के कार्टून करेक्टर वाली राखियां भी बाजार में उपलब्ध है। रक्षाबंधन के मौके पर सलूम्बर और श्रीगंगानगर जिले सहित विभिन्न स्थानों पर रक्षा का वचन कार्यक्रम रखा गया। महिला सुरक्षा को समर्पित इस कार्यक्रम में महिला अधिकारों और साईबर सुरक्षा की भी जानकारी दी गई। राजसमंद के काकरोली में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में हेलमेट वितरण का विशेष अभियान चलाया गया। श्रीगंगानगर जिले में सरकारी और निजी विद्यालयों में छात्राओं ने नशामुक्ति की राखी बांधकर छात्रों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। मतदाता जागरूकता का संदेश वाली राखियां भी लोगों को लुभा रही है। उधर बाडमेर जिले में अंतर्राष्ट्रीय भारत पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों में भी रक्षाबंधन पर्व पर उत्साह का महौल है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रक्षाबंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर सम्पूर्ण समाज से प्रेम और विश्वास के बंधन में जुडने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में श्री देवनानी ने कहा कि ये पर्व भाई बहन के स्नेह, विश्वास और संकल्प का पर्व है। रक्षा सूत्र में रिश्तो के प्रति कर्तव्य निभाने का दायित्व शामिल है।

0000

विश्व संस्कृत दिवस कल मनाया जायेगा। ये दिन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का संस्कृत दिवस की पूर्व संध्या पर आज रात 08 बजे शुभकामना संदेश प्रसारित होगा। प्रदेश में आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से इसका प्रसारण किया जायेगा। संस्कृत भाषा अत्यंत प्राचीन होने के साथ ही साहित्य दर्शन, कला और बोद्धिक परम्पराओं से गहरे से जुड़ी हुई है। जयपुर के जगद्गुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर शास्त्री कौसलेन्द्रदास ने कहा कि संस्कृत भाषा देश की सभ्यता और इतिहास का प्रतीक है। संस्कृत दिवस भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाता है।

....

0000

दक्षिण पश्चिम मानसून की रफ्तार प्रदेश में धीमी होने की संभावना है। इससे अधिकतर हिस्सों में अगले एक सप्ताह के दौरान बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार है। 4 सितम्बर के आसपास पूर्वी

राजस्थान के कुछ भागों में बरसात की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। इस मॉनसूनी सीजन में प्रदेश में अब तक सामान्य से लगभग 15 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जल संसाधन विभाग के अनुसार डीग, भरतपुर, बीकानेर और फलौदी में अत्यधिक बरसात हुई है। अजमेर, अलवर कोटा और जोधपुर सहित 22 जिलों में सामान्य बारिश हुई है। वहीं जयपुर, सवाईमाधोपुर, उदयपुर और जैसलमेर सहित 15 जिलों में सामान्य से कम पानी बरसा है। छोटे बडे 693 में से 439 बांध आंशिक रूप से भरे है। वहीं 53 बांध लबालब है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अगस्त को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 137वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं।

नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव कल तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000